संख्या– 2386/33–1–2021

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायतीराज विभाग अनुभाग–1 लखनऊ दिनांकः 11 दिसम्बर, 2021

**विषयः दिनांक 15.12.2021 को प्रस्तावित ग्राम पंचायत सम्मेलन (उत्तर प्रदेश ग्राम उत्कर्ष समारोह) आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय पर शासन के पत्र सं0–2382/33–1–2021 दिनांक–11.12.2021 का संदर्भ ग्रहण करें। दिनांक 15.12.2021 को डिफेन्स एक्सपो मैदान, वृन्दावन योजना, जनपद लखनऊ में ग्राम पचांयत सम्मेलन आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रदेश में बनाये जा रहे समस्त ग्राम पंचायत सचिवालयों का शुभारम्भ किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायक/एकाउन्टेन्ट कम–डाटा–एन्ट्री–आपरेटर एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यकम में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्बोधन किया जाना है।

आयोजित कार्यक्रम में निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ–2 में अंकित विवरण के अनुसार प्रतिभाग किया जाना हैः–

| क्र0सं0 | प्रतिभागियों का विवरण | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | समस्त ग्राम प्रधान | 58,189 |
| 2 | पंचायत सहायक/एकाउन्टेन्ट कम–डाटा–एन्ट्री–आपरेटर | 55,765 |
| 3 | सहायक विकास अधिकारी (पं0) | 826 |
| 4 | ग्राम पंचायत सचिव | 10,738 |
| योग | | 1,25,518 |

कार्यक्रम में ग्राम सचिवालय से जुड़े हुए लगभग 1,25,518 (एक लाख पच्चीस हज़ार पॉच सौ अठ्ठारह) प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। अतः कार्यक्रम के आयोजन हेतु निम्नानुसार एस0ओ0पी0 निर्धारित की जाती हैः–

**1. कन्ट्रोल रूम की स्थापना–**

- पंचायतीराज विभाग द्वारा पूरे कार्यक्रम के लिए एक कन्ट्रोल रूम पंचायतीराज निदेशालय में तथा एक कन्ट्रोल रूम प्रत्येक जनपद में दिनांक 12.12.2021 से स्थापित किया जायेगा।

- पंचायतीराज निदेशालय एवं प्रत्येक जनपद में स्थापित कन्ट्रोल रूम कार्यक्रम के समाप्त होने के पश्चात सभी प्रतिभागियों के अपने–अपने घर तक पहुँचने तक की पुष्टि होने तक स्थापित रहेगा।
- कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा तथा कन्ट्रोल रूम में पर्याप्त संख्या में शिफ्टवार ड्यूटी मुख्यालय स्तर पर निदेशक के स्तर से एवं जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी के स्तर से लगाई जायेगी। जिनका मो0नं0 जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ–साथ सम्बन्धित अन्य विभागों के साथ साझा किया जायेगा।
- कन्ट्रोल रूम में सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों के मो0नं0 के साथ इमरजेन्सी सेवाओं के मो0नं0 भी रखे जायेंगे। जिससे किसी भी अपरिहार्य स्थिति में सहायता उपलब्ध करायी जा सके।
- प्रतिभागियों के ठहरने के स्थल का पूर्ण पता एवं नोडल अधिकारी का मो0नं0 रखा जाना साथ ही एक रजिस्टर रखा जायेगा जिसमें किसी प्रकार की मांग/शिकायत आती है तो उसे दर्ज किया जाये तथा उसे सक्षम स्तर को अवगत कराते हुए निस्तारित कराया जायेगा।
- यात्रा के दौरान किसी प्रतिभागी को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होती है तो इस सम्बन्ध में तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचित किया जायेगा जिससे कि उसे निकटतम स्थल से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

**2. प्रतिभागियों का चिन्हांकन एवं उन्हें एक स्थान पर एकत्र किया जाना–**

- प्रत्येक ग्राम पंचायत से प्रधान व पंचायत सहायक/एकाउन्टेन्ट कम–डाटा–एन्ट्री–आपरेटर ।
- उक्त सभी प्रतिभागियों को एकत्र करने की इकाई विकास खण्ड स्तर पर होगी। विकास खण्ड स्तर तक पहुंचाने हेतु लोगों को आवश्यक व्यवस्था सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जायेगी।
- विकास खण्ड स्तर पर प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार बसों की व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगा।
- प्रत्येक बस में 02 स्टाफ, 02 सुरक्षाकर्मी होंगे। इसके अतिरिक्त क्षमता के अनुसार प्रतिभागी के बस में बैठने की व्यवस्था की जायेगी। इसी के अनुक्रम में बसों की संख्या का निर्धारण किया जायेगा।
- विकास खण्ड स्तर से सभी बसें एक साथ प्रस्थान करेंगी। ये बसें इस प्रकार से रवाना की जायेंगी कि जनपद की समस्त बसें जनपद स्तर से प्रस्थान कर गई, इसका जिलाधिकारी स्तर से अनुश्रवण हो सके।

**3. बसों में सुरक्षा व्यवस्थाः–**

कार्यक्रम हेतु यह आवश्यक है कि आने वाले प्रतिभागियों हेतु बसो में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था किया जाये, इस हेतु निम्न निर्देशों का पालन किया जाना है–

- सभी बसों की जनपद के नाम सहित कोडिंग की जायेगी जिसका पूरा विवरण मुख्यालय एवं जनपद में गठित कन्ट्रोल रूम में बसों के रवाना होने से पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा।
- कन्ट्रोल रूम में सभी बसों का पंजीकरण, ड्राइवर का नाम एवं मो0नं0 रखा जायेगा।
- बस में यात्रा कर रहे ग्राम पंचायत अधिकारी/ए0डी0ओ0 द्वारा आवश्यकता/तत्काल सहायता की स्थिति में कन्ट्रोल रूम को अवगत कराना होगा।
- प्रत्येक बस में फर्स्ट एड किट तथा पर्याप्त मात्रा में आवश्यक औषधि रखी जायेगी।
- कोविड–19 के दृष्टिगत बसों का सैनिटाइजेशन सुनिश्चित किया जायेगा जिस हेतु बस में सैनिटाइजर की व्यवस्था की जाये।
- ऐसी बसे जो लम्बी दूरी से आ रही है अर्थात 08 घंटे से ऊपर की यात्रा करनी है उन बसों में प्रत्येक दशा में 02 ड्राइवर की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

**4. यात्रा के दौरान भोजन एवं जलपान एवं जलपान की व्यवस्था–**

- सभी जनपद यह सुनिश्चित करेंगे कि यात्रा कर रहे सभी प्रतिभागियों (स्टाफ व सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर कन्डक्टर सहित) के जलपान एवं भोजन की उचित व्यवस्था आवश्यकतानुसार सुनिश्चित करेंगे। इसका उत्तरदायित्व मुख्य विकास अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी का होगा। जलपान एवं भोजन की गुणवत्ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु यथावश्यक अग्रिम धनराशि स्वीकृत कर दी जाये जिसका समायोजन वास्तविक बिल के आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
- जनपदों को व्यवस्थायें सुनिश्चित करने हेतु अग्रिम के रूप में धनराशि निदेशक पंचायतीराज द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। समस्त जनपदों द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रतिभागियों को लेकर आ रही बसों में एक नोडल कर्मचारी नामित करते हुए उन्हें आवश्यक धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। यह कर्मचारी अपने आवंटित बस में प्रतिभागियों के साथ ही यात्रा करेगा तथा बस में प्रतिभागियों के जलपान की जिम्मेदारी उक्त कर्मचारी की होगी।

**5. प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था–**

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी जनपदों के सभी प्रतिभागियों को 02 श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जो निम्नवत है–

- श्रेणी–1 में ऐसे प्रतिभागी होंगे जो कार्यक्रम के तिथि के दिन ही यात्रा आरम्भ करेंगे तथा कार्यक्रम के पश्चात अपने–अपने गन्तव्य तक वापस चले जायेंगे। ऐसे जनपदों के प्रतिभागियों की सूची परिशिष्ट–1 पर अवलोकनीय है।
- श्रेणी–2 में ऐसे जनपद होंगे कार्यक्रम के तिथि से एक दिन पूर्व जनपद के नजदीकी जनपदों में रात्रि विश्राम करेंगे। ऐसे जनपदों के प्रतिभागियों की सूची परिशिष्ट –2 पर अवलोकनीय है।
- सभी जनपदों के जिला पंचायतराज अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि दिनांक 15.12. 2021 के कार्यक्रम के दिन कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 12.00 बजे तक सभी प्रतिभागी

उपस्थित हो जायें। इस हेतु यह आवश्यक है कि कार्यक्रम के दिन यात्रा करने वाले जनपद, यात्रा आरम्भ करने का समय इसी के आधार पर निर्धारित करेंगे।

- जिन जनपदों के प्रतिभागी जनपद लखनऊ अथवा निकट जनपदों के रात्रि विश्राम कर रहे हैं, उन जनपदों के जिला पंचायत राज अधिकारी प्लान कर लेंगे कि यात्रा आरम्भ ऐसे समय की जाये कि कार्यक्रम से एक दिन पूर्व अर्थात 14.12.2021 के रात्रि 10.00 बजे तक ठहरने की व्यवस्था के स्थल पर सभी प्रतिभागी पहुंच जायें।

**6. ठहरने के स्थल पर प्रतिभागियों के जलपान एवं भोजन की व्यवस्था–**

- जिन जनपदों में ठहरने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है उन जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी जनपद में रूकने वाले प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार रूकने हेतु स्थल चयन एवं आवश्यक व्यवस्था जिलाधिकारी के निर्देशन में सुनिश्चित करायेंगे।
- ठहरने के स्थल पर आवश्यकता के अनुसार मौसम के दृष्टिगत कम्बल आदि की व्यवस्था करायी जाये।
- पर्याप्त मात्रा में शौचालय, स्नानागार की व्यवस्था करायी जाये।
- ठहरने के स्थल पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था रखी जाये।
- सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस की व्यवस्था की जाये।
- पर्याप्त मात्रा में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाये।
- जिलाधिकारी से समन्वय कर मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में चिकित्सा शिविर की व्यवस्था करायी जाये।
- स्वच्छता एवं सफाई कराने का कार्य सुनिश्चित किया जाये।
- समय पर सभी प्रतिभागियों को जलपान व भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाये।

**7. वित्तीय व्यवस्था–**

- कार्यक्रम में होने वाले व्यय का वहन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राज्य एवं केन्द्रीय वित्त आयोग, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के प्रशासनिक मद तथा पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) के प्रशिक्षण मद से किया जायेगा।

**8. अन्य महत्वपूर्ण निर्देश–**

- कार्यक्रम स्थल पर समस्त व्यवस्थायें जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभाग करना होगा। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक संख्या में अस्पताल, पर्याप्त दवाएं और डाक्टर (महिला चिकित्सक सहित) व्यवस्था की जाए।
- प्रत्येक बस के नोडल अधिकारी निरंतर कंट्रोल रूम के सम्पर्क में रहेंगे।
- समस्त मुख्य विकास अधिकारी/जिला पंचायतराज अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से समन्वय कर यह सुनिश्चित करायेंगे कि बसों के

आवागमन में किसी भी जनपद में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इस आशय से समस्त सम्बन्धित को सूचित कर दिया जाये।

- प्रत्येक बस पर कार्यक्रम से सम्बन्धित बैनर लगाकर यात्रा आरम्भ की जायेगी।
- यात्रा की वापसी में समस्त उपरोक्त निर्देशों का पालन किया जायेगा।
- पंचायतीराज निदेशालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का नम्बर 0522–2322926 व 9026492062 है।
- जिलाधिकारी लखनऊ का नम्बर 0522–262324 है।

**संलग्नकःयथोपरि।**

भवदीय,
Manoj 11.12.21
(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

**संख्या व दिनांक तदैव।**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, गृह, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
3. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
5. निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0।
6. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।
7. समस्त आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।
8. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0), उ0प्र0।
9. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,
Manoj
(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

# SAME DAY TRAVELING DISTRICTS

ANNEXURE- 1

| SN | District Name | No of Gram Pradhans | No of Panchayat Sahayak | No of ADOP | No of GPVAs | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | AMBEDKAR NAGAR | 902 | 875 | 9 | 117 | 1903 |
| 2 | AMETHI | 682 | 662 | 13 | 169 | 1526 |
| 3 | AURAIYA | 477 | 432 | 7 | 91 | 1007 |
| 4 | AYODHYA | 794 | 774 | 11 | 143 | 1722 |
| 5 | BAHRAICH | 1045 | 959 | 14 | 182 | 2200 |
| 6 | BALRAMPUR | 800 | 752 | 9 | 117 | 1678 |
| 7 | BARABANKI | 1161 | 1123 | 15 | 195 | 2494 |
| 8 | ETAWAH | 471 | 436 | 8 | 104 | 1019 |
| 9 | FARRUKHABAD | 594 | 560 | 7 | 91 | 1252 |
| 10 | FATEHPUR | 834 | 768 | 13 | 169 | 1784 |
| 11 | FIROZABAD | 564 | 553 | 9 | 117 | 1243 |
| 12 | GONDA | 1214 | 1043 | 16 | 208 | 2481 |
| 13 | HARDOI | 1306 | 1297 | 19 | 247 | 2869 |
| 14 | KANNAUJ | 499 | 499 | 8 | 104 | 1110 |
| 15 | KANPUR DEHAT | 618 | 608 | 10 | 130 | 1366 |
| 16 | KANPUR NAGAR | 590 | 573 | 10 | 130 | 1303 |
| 17 | LAKHIMPUR KHERI | 1165 | 1133 | 15 | 195 | 2508 |
| 18 | LUCKNOW | 494 | 486 | 8 | 104 | 1092 |
| 19 | PRATAPGARH | 1193 | 1158 | 17 | 221 | 2589 |
| 20 | RAE BARELI | 988 | 975 | 18 | 234 | 2215 |
| 21 | SHAHJAHANPUR | 1069 | 1003 | 15 | 195 | 2282 |
| 22 | SHRAVASTI | 397 | 338 | 5 | 65 | 805 |
| 23 | SITAPUR | 1599 | 1557 | 19 | 247 | 3422 |
| 24 | SULTANPUR | 979 | 873 | 14 | 182 | 2048 |
| 25 | UNNAO | 1040 | 977 | 16 | 208 | 2241 |
| 26 | MAINPURI | 549 | 509 | 9 | 117 | 1184 |
| 27 | MATHURA | 504 | 494 | 10 | 130 | 1138 |
| 28 | AGRA | 690 | 676 | 15 | 195 | 1576 |
| 29 | JALAUN | 574 | 534 | 9 | 117 | 1234 |
| 30 | SANT KABIR NAGAR | 754 | 736 | 9 | 117 | 1616 |
| 31 | BAREILLY | 1193 | 1153 | 15 | 195 | 2556 |
| 32 | BASTI | 1185 | 1114 | 14 | 182 | 2495 |
| 33 | PRAYAGRAJ | 1540 | 1463 | 23 | 299 | 3325 |
| 34 | JAUNPUR | 1740 | 1735 | 21 | 273 | 3769 |
| 35 | KAUSHAMBI | 451 | 377 | 8 | 104 | 940 |
| 36 | GORAKHPUR | 1294 | 1261 | 20 | 260 | 2835 |
| 37 | AZAMGARH | 1858 | 1838 | 22 | 286 | 4004 |
| 38 | SAHARANPUR | 884 | 844 | 11 | 143 | 1882 |
| 39 | ETAH | 575 | 563 | 8 | 104 | 1250 |
| 40 | KASGANJ | 423 | 360 | 7 | 91 | 881 |
| 41 | HAMIRPUR | 330 | 314 | 7 | 91 | 742 |
| 42 | GHAZIPUR | 1238 | 1157 | 16 | 208 | 2619 |
| 43 | PILIBHIT | 720 | 687 | 7 | 91 | 1505 |
| | **TOTAL** | **37977** | **36229** | **536** | **6968** | **81710** |

## tricts Where Stay Will Be Arranged

ANNEXURE- 2

| SN | District Name | Distance | No of Gram Pradhans | No of Panchayat Sahayak | No of ADOP | No of GPVAs | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | LUCKNOW-7729 | VARANASI | 694 | 674 | 8 | 104 | 1480 |
| 2 | | AMROHA | 597 | 597 | 6 | 78 | 1278 |
| 3 | | SAMBHAL | 670 | 653 | 8 | 104 | 1435 |
| 4 | | GAUTAM BUDDHA NAGAR | 88 | 85 | 3 | 39 | 215 |
| 5 | | GHAZIABAD | 161 | 153 | 4 | 52 | 370 |
| 6 | | MAHARAJGANJ | 882 | 860 | 12 | 156 | 1910 |
| 7 | | BANDA | 469 | 460 | 8 | 104 | 1041 |
| 8 | BARABANKI-7192 | KUSHINAGAR | 1003 | 956 | 14 | 182 | 2155 |
| 9 | | SIDDHARTHNAGAR | 1136 | 1133 | 14 | 182 | 2465 |
| 10 | | DEORIA | 1185 | 1163 | 16 | 208 | 2572 |
| 11 | SULTANPUR-5142 | BALLIA | 940 | 917 | 17 | 221 | 2095 |
| 12 | | MAU | 671 | 668 | 9 | 117 | 1465 |
| 13 | | CHANDAULI | 734 | 722 | 9 | 117 | 1582 |
| 14 | SITAPUR-3951 | MORADABAD | 643 | 640 | 8 | 104 | 1395 |
| 15 | | RAMPUR | 680 | 670 | 6 | 78 | 1434 |
| 16 | | MUZAFFARNAGAR | 498 | 498 | 9 | 117 | 1122 |
| 17 | KANPUR-5127 | HATHRAS | 463 | 428 | 7 | 91 | 989 |
| 18 | | MAHOBA | 273 | 265 | 4 | 52 | 594 |
| 19 | | LALITPUR | 415 | 370 | 6 | 78 | 869 |
| 20 | | BULANDSHAHR | 946 | 935 | 16 | 208 | 2105 |
| 21 | | BAGPAT | 244 | 242 | 6 | 78 | 570 |
| 22 | RAE BAREILY-4943 | SONBHADRA | 629 | 593 | 10 | 130 | 1362 |
| 23 | | CHITRAKOOT | 331 | 261 | 5 | 65 | 662 |
| 24 | | MIRZAPUR | 809 | 796 | 12 | 156 | 1773 |
| 25 | | BHADOHI | 546 | 516 | 6 | 78 | 1146 |
| 26 | KANNAUJ-2230 | SHAMLI | 230 | 230 | 5 | 65 | 530 |
| 27 | | MEERUT | 479 | 462 | 12 | 156 | 1109 |
| 28 | | HAPUR | 273 | 262 | 4 | 52 | 591 |
| 29 | UNNAO-2882 | JHANSI | 496 | 427 | 8 | 104 | 1035 |
| 30 | | ALIGARH | 867 | 812 | 12 | 156 | 1847 |
| 31 | HARDOI - 4612 | BUDAUN | 1037 | 972 | 15 | 195 | 2219 |
| 32 | | BIJNOR | 1123 | 1116 | 11 | 143 | 2393 |
| | | **TOTAL** | **20212** | **19536** | **290** | **3770** | **43808** |

पंचायती राज

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# "उत्तर प्रदेश ग्राम उत्त्कर्ष समारोह"

**दिनांकः 15 दिसम्बर, 2021**

**स्थलः डिफेंस एक्सपो ग्राउन्ड, वृन्दावन योजना, लखनऊ।**

**मुख्य अतिथि– योगी आदित्य नाथ, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0**

## :– अधिकारी ड्यूटी पास –:

**नामः**.................................................................................................

**पद नामः**...........................................................................................

**मोबाइल नम्बरः**..................................................................................

**जनपदः**..............................................................................................

**विभाग,ः** ...........................................................................................

(केवल 15 दिसम्बर, 2021 के लिए मान्य)

**(निर्गतकर्ता के हस्ताक्षर)**

**पंचायती राज विभाग, उ0प0।**

# सैम्पल प्रतिभागी पास

पंचायती राज

"उत्तर प्रदेश ग्राम उत्कर्ष समारोह"

दिनांकः 15 दिसम्बर, 2021

स्थलः डिफेंस एक्सपो ग्राउन्ड, वृन्दावन योजना, लखनऊ।

**मुख्य अतिथि– योगी आदित्य नाथ, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0**

**:– प्रतिभागी पास –:**

नामः........................................................................................................

पद नामः...................................................................................................

मोबाइल नम्बरः..........................................................................................

पताः........................................................................................................

जनपदः.....................................................................................................

(15 दिसम्बर, 2021 के लिए मान्य)

(निर्गतकर्ता के हस्ताक्षर)

पंचायती राज विभाग, उ0प्र0।

# सैम्पल वाहन पास

पंचायती राज

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## "उत्तर प्रदेश ग्राम उत्त्कर्ष समारोह"

दिनांकः 15 दिसम्बर, 2021

स्थलः डिफेंस एक्सपो ग्राउन्ड, वृन्दावन योजना, लखनऊ।

आयोजकः पंचायती राज विभाग, उ0प्र0।

**मुख्य अतिथि– योगी आदित्य नाथ, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0**

## :– वाहन पास –:

**वहन चालक का नामः**..............................................................................................

**वाहन मालिक का नामः**...........................................................................................

**मोबाइल नम्बरः**......................................................................................................

**वाहन सं0ः**.................................................**वाहन का प्रकारः**..................................................

**विभागः**...............................................................................**जनपदः**.....................................................

(कार्यक्रम तिथि के लिए मान्य)

**(निर्गतकर्ता के हस्ताक्षर)**